## खबर संक्षेप



### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**पिहोवा।** ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर आज 33 केवी पिहोवा में बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी पिहोवा शहरी प्रिंस भूरा को बिजली मंत्री के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान मुकेश गोस्वामी ने की। संचालन सब यूनिट सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। यूनिट सचिव गुरचरण संधू ने कहा कि बिजली विभाग में बहुत ही रिस्की जॉब है। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू होने से विभाग में हादसे होने का खतरा ज्यादा होगा। 26 नवंबर को अउर पॉवर को पंचकूला में ज्ञापन दिया था।



### एनएसजी ने ब्रह्मसरोवर परिसर में की मॉक ड्रिल

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने सोमवार रात्रि कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर मॉक ड्रिल की। इस दौरान पूरे ब्रह्मसरोवर को खाली करवा दिया गया। मॉक ड्रिल में आतंकवादियों ने कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में स्थित मंदिर को अपने कब्जे में ले लिया था और वहां पर विस्फोट किए और मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं को बंधक बना लिया था। जिसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और सुरक्षित श्रद्धालुओं को बाहर निकाला।

### दुर्भावना से भारत की प्रगति नहीं रुकेगी

**पिहोवा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जयभगवान शर्मा डीडी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी नीतियों की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज केवल एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका है। आज पूरा विश्व भारत की ताकत, नीति और नेतृत्व का लोहा मान रहा है। पंडित जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि हालिया अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों और भारत-बांग्लादेश सीमा से जुड़े विषयों पर कुछ दुर्भावनापूर्ण प्रयास सामने आए हैं।


जयभगवान शर्मा डीडी।

### प्रो. दिनेश कुमार ग्लोबल रैंकिंग्स के निदेशक बने

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद द्वारा कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अनुशंसा पर भू-भौतिकी विभाग के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार के पुनर्नियोजन को स्वीकृति प्रदान की है। यह पुनर्नियोजन 5 दिसंबर 2025 से प्रभावी होगा। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी । उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रो. दिनेश कुमार अपने विभागीय दायित्वों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के अंतर्गत डायरेक्टर, ग्लोबल रैंकिंग्स के रूप में भी कार्य करेंगे।

### कुवि के 5 शोधार्थी पीएचडी की उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 5 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में अंग्रेजी से अजय कुमार, फाइन आर्टस से नैंसी विजन, केमिस्ट्री से आशीष कुमार, इलेक्ट्रॉनिक साइंस से सुरुचि सैनी तथा लोक प्रशासन से मोनिका शामिल है।

## खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर निलंबित

# जांच कमेटी की रिपोर्ट में आदेशों की अवहेलना में इंस्पेक्टर पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने जांच कमेटी की रिपोर्ट में आदेशों की अवहेलना करने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर नवीन को सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर सहित तीन मामलों में केस दर्ज करने के भी निर्देश दिए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर को जांच अधिकारी एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता ने बताया कि विभाग के नियमानुसार मामले में गलत कार्रवाई करना पाया गया। इसके साथ ही गांवों की सप्लाई को दूर के गांवों के साथ जोड़ा जाना पाया गया। वहीं एक अन्य शिकायत में डिपो होल्डर के पिता ने लिखित में बताया कि अधिकारियों ने ही उससे गलत लिखवाया था। मंत्री राजेश नागर ने रिपोर्ट के आधार पर खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर नवीन को सस्पेंड करने और इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर मंगलवार को नई लघु सचिवालय बिल्डिंग के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, विधायक शाहाबाद रामकरण काला, जिला अध्यक्ष सरदार तिजेंदर सिंह गोल्डी भी मौजूद रहे। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवासी समिति की बैठक में 15 शिकायतों में से 9 शिकायतों का समाधान किया गया। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर का उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वागत किया। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने गांव कतलाडी निवासी सिमरन की शिकायत पर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता के अनुसूचित जाति व इनकम संबंधी कागजात की जांच करते हुए फीस को माफ किया जाए। इसी तरह हाई कोर्ट के एडवोकेट अमरजीत सिंह विर्क की शिकायत पर नगर पालिका शाहाबाद को निर्देश दिए कि वो निशानदेही करके शिकायतकर्ता की जमीन को छोड़कर रास्ते का निर्माण किया जाए। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने के एमजी मिल्क फूड लिमिटेड, हिनौरी रोड लाडवा निवासी दिनेश, गांव कराह साहब निवासी शीतल सिंह, गांव कौलापुर निवासी सतपाल, सीएम विंडो एमिनेट सिटीजन गगन कोहली, चुनिया फार्म पिहोवा निवासी सुभाष व अन्य निवासियों की शिकायत को समाधान होने पर फाइल किया गया। इस मौके पर जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम अनिल दून, एसडीएम डॉ. चिनार आदि अफसर मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। बैठक में शिकायतों का निवारण करते खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर। फोटो : हरिभूमि

### किसान पर कार्रवाई के दिए निर्देश

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने गांव खेड़ा निवासी सचिन कुमार व सुल्तान सिंह की शिकायत पर खुद के खेत मे मिट्टी डालकर सड़क पर पानी क्रॉसिंग के लिए बनाई गई सरकारी पुलिया को बंद करने वाले किसान के खिलाफ कार्रवाई करने और पीडब्ल्यूडी विभाग को पुलिया खोलने के लिए निर्देश दिए। शिकायतकतार्ओं ने शिकायत में बताया था कि पुलिया बंद होने के कारण खेतों में बने मकान व डेरों में पानी चला जाता है।

### कब्जा करने वालों पर केस दर्ज हो

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने विष्णु कॉलोनी निवासी सोम प्रकाश व गगनदीप की शिकायत और जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद प्रशासन व पुलिस को निर्देश दिए कि उनके द्वारा खरीद गई जमीन पर कब्जा दिलाया जाए और जबरदस्ती कब्जा करने वाले के खिलाफ केस दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने मकान लेने के बाद कब्जा ले लिया था। कुछ दिनों के बाद उनके मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास करते हुए परेशान करने लगे।

### मरम्मत न करने पर होगी कार्रवाई

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने छोटा बाजार निवासी भीमसेन चावला की शिकायत पर उसकी दुकान को गिराने वाले को रिपेयर करवाने के निर्देश दिए। ऐसा ना करने पर पुलिस प्रशासन को उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाए। छोटा बाजार निवासी भीमसेन चावला ने बताया कि कुछ लोगों ने उसकी दुकान को गिराकर उसके साथ बदतमीजी की है। इसके साथ ही उसकी दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। इसी तरह गांव बोडी निवासी बाला देवी की शिकायत पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


कुरुक्षेत्र। ध्यान साधना का अभ्यास करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# छात्र-छात्राओं ने किया ध्यान साधना का अभ्यास

- द कोणार्क एकेडमी लाडवा तथा अमातिर कन्या गुरुकुल बचगावां में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार, आयुष विभाग कुरुक्षेत्र एवं शिक्षा विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा विभिन्न योग संस्थाओं के सहयोग से द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में द कोणार्क एकेडमी, लाडवा तथा अमातिर कन्या गुरुकुल, बचगावां, कुरुक्षेत्र में ध्यान योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। एकेडमी के शिक्षकों द्वारा प्रिंसिपल एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात आयुष योग सहायक, कमल किशोर एवं भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री एवं जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन समिति के सचिव, गुलशन कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों व स्टॉफ को प्राणायाम का अभ्यास करवाने के साथ-साथ प्राणायाम व ध्यान साधना के लाभ बताए। उसके पश्चात गुलशन ग्रोवर ने आयोग द्वारा भेजी गई ऑडियो क्लिप पर सभी को ध्यान साधना का सुंदर अभ्यास करवाया। सभी ने तन्मयता से अभ्यास किया। भारतीय योग संस्थान के क्षेत्रीय मंत्री सतीश कुमार एवं आयुष योग सहायक नरेंद्र कुमार ने प्राणायाम व ध्यान साधना का प्रदर्शन किया। विद्यालय के डीपीई नागेंद्र व अन्य सभी स्टाफ ने आयोजन में पूरा सहयोग दिया।

### किया सम्मानित

गुलशन ग्रोवर व अन्य आयोजकों ने विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ अंजनी सिंह को हरियाणा योग आयोग की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और चेयरमैन राजकुमार शर्मा व डायरेक्टर एस एस शर्मा का धन्यवाद किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला के थानेसर ब्लॉक में बचगावां गामड़ी स्थित अमातिर कन्या गुरुकुल में हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा के नेतृत्व में भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान देवी दयाल सैनी ने ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र के पश्चात विद्यार्थियों व स्टाफ को प्राणायाम का अभ्यास करवाया।

## सांसद नवीन जिंदल स्वयं भरेंगे किराया

# एलएनजेपी अस्पताल का प्रशासनिक ब्लॉक होगा निजी संस्थान में शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिंदल ने एलएनजेपी अस्पताल का प्रशासनिक ब्लॉक निजी संस्थान में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। निजी संस्थान की बिल्डिंग का किराया सांसद नवीन जिंदल द्वारा खुद भरा जाएगा। एलएनजेपी अस्पताल का प्रशासनिक ब्लॉक खाली होने से मरीजों के लिए करीब 30 कमरें उपलब्ध होंगे। सांसद नवीन जिंदल ने अपने निजी स्टाफ को जल्द ही इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि एक जनवरी से प्रशासनिक ब्लॉक को शिफ्ट किया जा सके। सांसद नवीन जिंदल मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित दिशा की 5वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, विधायक शाहाबाद रामकरण काला, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते सांसद नवीन जिंदल।

### स्ट्रे डॉग की नसबंदी के लिए नप बनाएगा शेल्टर होम

सांसद नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र जिले में स्ट्रे डॉग्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार किए गए प्रबंधों और कार्यों के बारे में फीडबैक ली। इस विषय पर नगर परिषद के ईओ रोहताश कुमार ने कहा कि नगर परिषद की तरफ से सुभाष मंडी के सामने पुरानी तहसील में अस्थाई रूप से करीब 150 गज में स्ट्रे डॉग की नसबंदी के लिए व्यवस्था की है। इसके बाद जल्द ही नगर परिषद की तरफ से स्थाई रूप से प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कुरुक्षेत्र में करीब 5 हजार स्ट्रे डॉग है।

### दीवाना में फॉरेस्ट विभाग के लिए जमीन तय

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र से ढांड रोड पर ट्रैफिक ज्यादा है। इस लगभग 22 किलोमीटर मार्ग को फोरलेन बहुत जरूरी है। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष सड़क हादसों में डबल मौत हुई हैं। फोनलेन होने के बाद वाहन चालकों का आना-जाना आसान होगा और सड़क हादसों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पिहोवा से चीका के लगभग 25 किलोमीटर मार्ग को फोरलेन बनाने की डीपीआर को फाइनल कर दिया है। इस मार्ग के लिए दीवाना गांव में फॉरेस्ट के लिए जगह देने की प्रक्रिया चल रही है। इस मार्ग की सभी औपचारिकताओं को जल्द ही पूरा किया जाएगा।

## हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध उतरे संगठन

# विश्व हिंदू परिषद ने बांग्लादेश के खिलाफ किया आक्रोश प्रदर्शन, फूंका पुतला

**कुरुक्षेत्र।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश की युनूस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार का पूतला भी फूंका गया। अग्रसेन चौक पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकतार्ओं ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। प्रेम नारायण अवस्थी ने बताया कि जिस व्यक्ति को शांति का नोबल पुरस्कार मिला, उसके राज में वहां पर हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं। हाल ही में युवक दीपू चंद्र दास की हत्या की गई, उसने शर्मशार कर दिया है। ऐसे हालात में पूरी दुनिया के मानवाधिकार से जुड़े लोग जो गाजा के लिए आवाज उठा रहे थे, उनको बांगलादेश में हिंदुओं के साथ जो रहा है वह नहीं दिख रहा है? हिंदुओं को खुद ही संगठित होना होगा। भारत सरकार को इसके लिए कड़े कदम उठाने होंगे। बताया कि बांग्लादेश की धरती पर हिंदू भाई दीपू दास सहित कई हिंदुओं की नृशंस हत्याएं मानवता को झकझोरने वाली हैं।

- हिंदुओं की हत्याएं मानवता को शर्मसार करने वाली




## थानेसर विस क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में हमेशा उठाया और आगे भी उठाता रहूंगा :अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर विधायक व पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की कई मांगों को विधानसभा पटल पर रखा है। कहा कि थानेसर विस क्षेत्र की समस्याओं को उन्होंने विधानसभा में हमेशा उठाया है और आगे भी उठाता रहूंगा। जनता से जुड़े हर मुद्दें को वे विधानसभा में उठाएंगे। उन्होंने कुरुक्षेत्र को हरियाणा की राजधानी बनाने की मांग भी उठाई है। अशोक अरोड़ा मंगलवार को केडीबी रोड़ स्थित अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उनके साथ पार्षद मनु जैन, चंदगी राम, सुभाष मिजार्पुर व अन्य भी मौजूद रहे। पत्रकारों से रूबरू होते हुए अरोड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार ने चंडीगढ में नई हरियाणा विधानसभा बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति नही दी लेकिन इस पर हरियाणा सरकार और भाजपा चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि पंजाब हरियाणा बंटवारे के समय 40 प्रतिशत चंडीगढ हरियाणा के हिस्से आया था। अरोड़ा ने विधानभा में कुरुक्षेत्र को हरियाणा की राजधानी बनाने की मांग करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हरियाणा को नई राजधानी बनानी चाहिए और इसके लिए कुरुक्षेत्र से बेहतर कोई स्थान नहीं हो सकता।


कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से रूबरू होते विधायक अशोक अरोड़ा।

# चारों साहिबजादों के शहीदी दिवस पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया नमन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सिखों के दसवें गुरु, श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के शहीदी दिवस पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के पूरे परिवार ने केवल एक सप्ताह के भीतर देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जो विश्व इतिहास में अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज देश-विदेश में हर व्यक्ति साहिबजादों के महान बलिदान से परिचित है, क्योंकि उन्होंने अत्याचार के सामने झुकने के बजाय अपने धर्म से समझौता न करते हुए वीरगति को प्राप्त किया। डॉ. घुम्मन ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ऐसे महान योद्धाओं के पदचिह्नों पर चलकर समाज में मानवता, सेवा और राष्ट्रभक्ति के कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह दिवस मातृभूमि, देश और धर्म के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले गुरु पुत्रों एवं गुरु माता के प्रति श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का है। भारत की आन-बान-शान की रक्षा हेतु साहिबजादे अजित सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह तथा माता गुजरी जी ने जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किए।



# वैश्विक शोध क्षेत्र में केयू ने स्थापित किए नए आयाम : प्रो. सोमनाथ

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वैश्विक शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विवि ने नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में केयू भूभौतिकी वैज्ञानिकों की टीम को भूकंपीय खतरे संबंधी भारत-इटली अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना मिलना बडे. गर्व का विषय है जो केयू की वैश्विक शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता, उत्कृष्टता एवं प्रतिबद्धता को दशार्ता है। गौरतलब है कि भूकंपीय खतरे के आंकलन को लेकर प्रतिष्ठित भारत-इटली संयुक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की योजना के तहत केयू भूभौतिकी विभाग के वैज्ञानिकों की टीम को मई 2025 में अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना मिली। इस उपलब्धि के लिए कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भूभौतिकी विभाग के वैज्ञानिक शिक्षकों की टीम को बधाई भी दी। कुरुक्षेत्र विवि की ओर से शोध दल में शामिल भूभौतिकी विभाग के शिक्षक डॉ. आरबीएस यादव (प्रमुख अन्वेषक) और डॉ. मनीषा संधू (सह-प्रमुख अन्वेषक) ने बताया कि भूकंपीय खतरे संबंधी भारत-इटली अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना में केयू हरियाणा एवं उत्तर भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय है।


कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

# नगर कीर्तन का विरोध करने की घटना बहुत निंदनीय : जगदीश

घटना के विरोध में जत्थेदार झींडा ने प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और न्यूजीलैंड के राजदूत को लिखा पत्र

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने न्यूजीलैंड में महान नगर कीर्तन का विरोध किए जाने की घटना पर रोष जताया है। इस संदर्भ में हरियाणा कमेटी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जय शंकर और न्यूजीलैंड के राजदूत पैट्रिक जॉन राटा को पत्र लिख कर जहां घटना का विरोध जताया है, वहीं इस मामले के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि न्यूजीलैंड के साऊथ ऑकलैंड में सिख समुदाय द्वारा महान नगर कीर्तन सजाया गया था। दस गुरु साहिबान की ज्योत धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया में पंज प्यारों की अगुवाई में यह नगर कीर्तन सजाया गया था, जिसमें सिख समुदाय व गुरु नानक नामलेवा संगत ने शामिल हुई थी। मगर दुर्भाग्य की बात है कि सिख समुदाय द्वारा सजाए गए इस महान नगर कीर्तन का कुछ शरारती तत्वों द्वारा विरोध किया गया।


हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा व भेजा गया पत्र।

## कवि सम्मेलन — अटल वाजपेयी जयंती पर राष्ट्रव्यापी कवि सम्मेलन का आयोजन

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे जी के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ

# सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में स्नेह संबंध फाउंडेशन द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रीअटल बिहारी वाजपेयी जी की पावन जयंती तथा वरिष्ठ साहित्यकारा डॉ. सीमा बिरला के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे जी के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेंद्र कंडारी, अध्यक्ष—उत्तरांचल प्रेस क्लब, देहरादून रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव विवेक एवं एसडी शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रदीप मायूस ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ कवयित्री मीनाक्षी दिनेश ने अत्यंत कुशलता से किया। शामली से पधारे वरिष्ठ शायर प्रदीप मायूस ने अपनी रचना से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्रसिद्ध शायर वसीम झिंझानवी ने अपनी गजल के माध्यम से भावपूर्ण प्रस्तुति दी।



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र से वरिष्ठ साहित्यकारा डॉ. सीमा बिरला को सम्मानित करते आयोजक।

### खूब बटौरी तालियां

कवयित्री डॉ. रजनी चौहान ने सशक्त स्वर में सुनाया। कुरुक्षेत्र से वरिष्ठ साहित्यकारा डॉ. सीमा बिरला ने अटलजी को याद करते हुए उनकी कविता का एक अंश पढ़ा एवं उनके लेखन को प्रणाम करते हुए सामाजिक चेतना से ओतप्रोत पंक्तियाँ प्रस्तुत की। कवयित्री शोभा पराशर ने मानवीय एकता का संदेश देते हुए पढ़ा। कवि अनिल पोपट ने हास्य-व्यंग्य से सभागार को ठहाकों से गूँजा दिया। कार्यक्रम में विपिन चंदेलिया, सुरजीत सिंह, राजेश राज पंजाबी आदि मौजूद।

